## एक नजर में

### चोरी-नकबजनी गिरोह का पर्दाफाश

**भोपाल.** राजधानी के रातीबड़ थाना क्षेत्र में पुलिस ने चोरी और नकबजनी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है .पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी का सामान और वारदात में इस्तेमाल किया गया ऑटो भी जब्त किया है . पुलिस के अनुसार 15 मई को एक फरियादी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके घर का ताला तोड़कर करीब एक लाख रुपये का सामान चोरी कर लिया गया. सूचना मिलते ही पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की. घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई.

### बलेनो कार से 60 लीटर बीयर जप्त

**भोपाल.** बिलखिरिया थाना पुलिस ने एक कार से 60 लीटर अवैध बीयर और परिवहन में प्रयुक्त कार को जप्त कर लिया है . कारचालक राजदीप शिवहरे को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की गई है . पुलिस अधीक्षक भोपाल देहात पंकज कुमार पांडेय के निर्देश पर थाना क्षेत्र में अवैध शराब के परिवहन के मामले में सख्त कार्रवाई की जा रही है . इसी क्रम में गुरुवार को थाना क्षेत्र में तलाशी के दौरान बलेनो कार से 60 लीटर बीयर जप्त की गई . इसकी कीमत 25 हजार रुपए आंकी गई है . जप्त कार की कीमत चार लाख रुपए बतायी गई है. पुलिस ने कारचालक राजदीप शिवहरे को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की.

# गर्मी से अस्पतालों में ओपीडी में बढ़े 30% मरीज

## बच्चा और महिला वार्ड में बढ़ रही मरीजों की संख्या

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 22 मई. प्रदेश में सूरज के तीखे तेवरों और लगातार बढ़ रहे तापमान के कारण लोग तेजी से बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं. मौसम का सीधा असर लोगों को ओपीडी की कतारों में पहुंचा रहा है.**

जिसके कारण अस्पतालों के महिला वार्ड, सामान्य वार्ड और बच्चा वार्ड में लगातार ऐसे मरीज पहुंच रहे हैं, जो तेज धूप और भीषण गर्मी का शिकार हो रहे हैं. वहीं हमीदिया, जेपी और एम्स जैसे संस्थानों में करीब 20 से 30 प्रतिशत तक के मरीजों की संख्या



बढ़ गई है. जिनमें सबसे ज्यादा संख्या में बुजुर्ग, गर्भवती महिला और बच्चे शामिल है. इसके साथ ही ब्लड प्रेशर यानी बीपी की बीमारी से पीड़ित ऐसे मरीज जो पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं पी पाते हैं, वे भी गंभीर रूप से बीमार हो रहे हैं. विशेषज्ञ डॉक्टर कुलदीप गुप्ता ने बताया कि अत्यधिक गर्मी और कम पानी पीने के कारण लोगों में लू लगना, डायरिया, दस्त, उल्टी, पेट खराब होना, खून पतला होना और पेशाब में जलन जैसी गंभीर समस्याएं सामने आ रही हैं. डॉ.गुप्ता के अनुसार अस्पतालों में आने वाले बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं और बच्चों में से करीब पांच प्रतिशत मरीजों की स्थिति काफी गंभीर होती है, जिन्हें तुरंत वार्डों में भर्ती करने की जरूरत पड़ रही है.

### बीमारी के मुख्य लक्षण

इनमें अचानक तेज बुखार आना, शरीर में पानी की भारी कमी होना, चक्कर आना और कमजोरी महसूस होना शामिल है. इसके अलावा लगातार उल्टी और दस्त होना, पेट में तेज दर्द होना, जी मिचलाना और पेशाब में तेज जलन होना भी इसके प्रमुख लक्षण हैं.वहीं किसी व्यक्ति को तेज धूप से आने के बाद सिर में तेज दर्द हो या बेहोशी छाने लगे तो इसे लू के लक्षण माना जाता है.

### बचाव के मुख्य उपाय



डॉ . कुलदीप गुप्ता के अनुसार इस मौसम में सबसे जरूरी शरीर को हाइड्रेट रखना यानी पानी की कमी न होने देना है .इसके लिए दिनभर में कम से कम 3 से 4 लीटर पानी पीना आवश्यक है. साथ ही ओआरएस घोल, नींबू पानी, छाछ, नारियल पानी और लस्सी का अधिक से अधिक सेवन करें .दोपहर के समय जब धूप सबसे तेज होती है तब बाहर जाते समय सूती और ढीले कपड़े पहनें और सिर और चेहरे को कपड़े से ढककर रखें .वहीं खानपान में अधिक तले भुने और मीठे ठंडे पदार्थों जैसे कोल्ड्रिंक का सेवन करने से बचें .

# 5 बजे होगा फिल्म पेद्दी का ट्रेलर लॉन्च

### रहमान और जाह्नवी कपूर होंगे शामिल

**भोपाल, 22 मई. राजधानी के भेल दशहरा मैदान में शनिवार को शाम 5 बजे फिल्म पेद्दी का ग्रैंड ट्रेलर लॉन्च किया जा रहा है, जिसमें बॉलीवुड के दिग्गज संगीत निर्देशक ए.आर. रहमान और मशहूर अभिनेत्री जाह्नवी कपूर जैसी नामी हस्तियां अपनी शानदार प्रस्तुति से भोपालवासियों का दिल जीतेंगी.**

जिसे देखने के लिए शहर और आसपास के इलाकों से भारी संख्या में दर्शकों के जुटने की संभावना है. कार्यक्रम की भव्यता और भीड़ को देखते हुए भोपाल नगरीय यातायात पुलिस ने सुरक्षा



और सुगम आवागमन के कड़े इंतजाम किए हैं. इस कारण शाम 5 बजे से कार्यक्रम की समाप्ति तक भेल दशहरा मैदान की ओर जाने वाले कई रास्तों पर ट्रैफिक डायवर्ट रहेगा. पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि वे असुविधा से बचने के लिए तय किए गए वैकल्पिक मार्गों का ही उपयोग करें.

### ऐसा रहेगा परिवर्तित मार्ग

शाम 5 :00 बजे से आवश्यकतानुसार निम्नलिखित मार्ग परिवर्तित रहेंगे . जिसमें महात्मा गांधी चौराहे से कैरियर कॉलेज की ओर से आने वाला ट्रैफिक गेट नंबर-6 से मुड़कर गुलाब उद्यान तिराहा, कस्तूरबा अस्पताल होते हुए आईएसबीटी और चेतक ब्रिज की ओर जा सकेगा . वहीं चेतक ब्रिज/गोविंदपुरा टर्निंग से महात्मा गांधी चौराहे की ओर जाने वाले वाहनों को सांची डेयरी कट पॉइंट से डायवर्ट किया जाएगा . ये वाहन कस्तूरबा अस्पताल के आगे से गुलाब उद्यान रोड होते हुए गेट नंबर-06 और बरखेड़ा मार्केट के रास्ते महात्मा गांधी चौराहे जा सकेंगे .

# एक लाख आधार बायोमेट्रिक के लिए लंबित

### 100 वर्ष या उससे अधिक आयु के 1264 मामले लंबित

नवभारत संवाददाता

**भोपाल, 22 मई. जिला आधार निगरानी समिति की बैठक में लंबित मामलों के त्वरित निराकरण और सेवाओं के विस्तार को लेकर कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए.बैठक में यूआईडीएआई क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल के स्टेट मैनेजर निकेत दीवान ने जिले में संचालित केंद्रों की समीक्षा रिपोर्ट प्रस्तुत की.**

वर्तमान में जिला ई-गवर्नेंस सोसायटी, डाकघर, महिला एवं बाल विकास विभाग, राजस्व सेवा केंद्र, बीएसएनएल और सीएससी के माध्यम से कुल 107 केंद्र संचालित हैं, जिन्हें पूरी क्षमता के साथ चलाने के निर्देश दिए गए हैं.

बैठक में बायोमेट्रिक अपडेट की समीक्षा की गई. जिले में वर्तमान में 1 लाख 18 हजार 938 बायोमेट्रिक अपडेट लंबित हैं. इनमें 5 से 15 वर्ष आयु वर्ग के 58 हजार 720 प्रकरण लंबित पाए गए. वहीं 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 60 हजार 218 प्रकरण लंबित हैं. इस भारी पेंडेंसी को देखते हुए जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला शिक्षा केंद्र को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि वे स्कूलों में विशेष शिविर आयोजित कर विद्यार्थियों के बायोमेट्रिक अपडेट का काम जल्द से जल्द पूरा कराएं. प्रशासन अब उन क्षेत्रों को चिह्नित कर रहा है जहां आधार केंद्र दूर हैं. स्थानीय निकायों से प्रस्ताव आमंत्रित कर ऐसे इलाकों में नए केंद्र स्थापित किए जाएंगे, ताकि नागरिकों को अपने घर से 1 से 2 किलोमीटर के दायरे में ही आधार सेवाएं मिल सकें.

### नवजात शिशुओं का अस्पतालों में बनेगा आधार

बाल आधार पंजीकरण को बढ़ावा देने के लिए अब बड़े अस्पतालों में विशेष आधार केंद्र स्थापित किए जाएंगे . इसका मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि नवजात शिशुओं का जन्म के समय ही अस्पतालों में आधार पंजीयन हो सके .

### गूगल मैप पर टैग होंगे सभी आधार केंद्र

आधार अपडेट को लेकर नागरिक जानकारी के अभाव में भटकते रहते हैं . इस समस्या की वजह से काफी तो अपडेट ही नहीं कराते हैं . इस समस्या के समाधान के लिए जिले के सभी 107 आधार नामांकन एवं अपडेट केंद्रों को जल्द ही गूगल मैप पर टैग किया जाएगा . इससे लोग अपने नजदीकी केंद्र की लोकेशन आसानी से ट्रैक कर सकेंगे .



# गिरिबाला की पुलिस से बातचीत की भी होगी जांच

**भोपाल, 22 मई. पुलिस कमिश्नर संजय कुमार ने ट्विशा शर्मा हत्याकांड को लेकर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में मामले से जुड़ी अहम जानकारी साझा की. उन्होंने बताया कि इस प्रकरण में तीन लोगों के नाम सामने आए हैं, जिनमें एक मुख्य आरोपी समर्थ सिंह है, जबकि दो अन्य व्यक्तियों से भी पूछताछ की जा रही है.**

कमिश्नर ने कहा कि मृतका के परिवार द्वारा दिए गए आवेदन में कई आरोप लगाए गए हैं, जिनमें घटना के बाद गिरिबाला सिंह द्वारा 30-35 लोगों को फोन किए जाने की बात भी शामिल है. पुलिस ने इन सभी बिंदुओं को जांच का हिस्सा बना लिया है और जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी.परिवार ने यह भी आरोप लगाया है कि गिरिबाला सिंह का कटारा हिल्स थाना प्रभारी से संपर्क था और 13 तारीख को उनसे बातचीत हुई थी.इस पर कमिश्नर ने कहा कि थाना प्रभारी होने के नाते बातचीत होना सामान्य प्रक्रिया का हिस्सा हो सकता है, फिर भी इस पहलू की भी जांच की जा रही है.

पुलिस कमिश्नर ने स्पष्ट किया कि जांच में किसी प्रकार की देरी नहीं हुई है और टीम पूरी गंभीरता से काम कर रही है, उन्होंने बताया कि सभी आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं. सर्च ऑपरेशन और छापेमारी से जुड़े सवालों पर उन्होंने कहा कि जांच की गोपनीयता बनाए रखना जरूरी है, इसलिए विस्तृत जानकारी साझा नहीं की जा सकती.

सरकार द्वारा मामले की गंभीरता को देखते हुए शुक्रवार को सीबीआई जांच की सिफारिश करने संबंधी सवाल पर कमिश्नर ने बताया कि जब तक केस डायरी सीबीआई को हस्तांतरित नहीं हो जाती, तब तक पुलिस अपनी इन्वेस्टीगेशन जारी रखेगी, उन्होंने दावा किया कि जांच निष्पक्ष और सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर की जा रही है .

# दिल्ली से आई टीम ने किया स्वच्छता का निरीक्षण

## स्कूल, गार्वेज स्टेशन, सहित कई स्थानों पर देखी व्यवस्थाएं

नवभारत संवाददाता

**भोपाल, 22 मई. भोपाल में शहर की स्वच्छता को लेकर दिल्ली से आई स्वच्छ सर्वेक्षण टीम का निरीक्षण शुरू हो गया है. जिसका शुभारंभ शुक्रवार को करोंद क्षेत्र सहित पुराने शहर से किया गया.**

इस दौरान उन्होंने पीपुल्स मॉल के क्षेत्र में प्रमुख मार्गो और आसपास की कॉलोनियों का निरीक्षण किया. उसके बाद उन्होने बैरागढ़ लाल घाटी क्षेत्र में पहुंचे वहां पर उन्होंने गार्बेज स्टेशन पर कचरे की लोडिंग और अनलोड़िग



सहित उसके रख रखाव का निरीक्षण किया. वहीं इन सभ क्षेत्रों में संचालित स्कूलों का निरीक्षण भी किया. वहां पर शौचालय सहित साफ सफाई की जानकारी ली. शुक्रवार को दिन में नये भोपाल के सात नंबर, 10 नंबर और 11 नंबर क्षेत्र में सर्वेक्षण दल का दौरा रहेगा और वहां की स्वच्छता का निरीक्षण करेंगे.

लेकिन दोपहर बाद उनका प्लान बदल गया और वह पुराने शहर में निरीक्षण करने पहुंच गए . शहर के दानिश कुंज के पीछे खाली पड़ी सरकारी भूमि पर जहां भरी मात्रा में हरियाली है वहां पर नगर निगम की कचड़ा गाड़ियों द्वारा कचरा डम्प किया जा रहा है, बता दें कि इस भूमि पर लगभग एक साल पहले किसी बिल्डर के द्वारा भराव करके कब्जा करने की कोशिश की गई थी जो बाद में कोलार तहसीलदार के द्वारा बंद कराया गया था, लेकिन अब उसी भूमि पर नगर निगम के कचरा वहां कचरा डम्प कर रहे हैं .



# सिंघार से मिले कॉलोनी के रहवासी

नवभारत संवाददाता

**भोपाल, 22 मई. बाग मुगालिया एक्सटेंशन कॉलोनी विकास समिति के अध्यक्ष उमाशंकर तिवारी ने कॉलोनी वासियों के साथ शुक्रवार को नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार से मुलाकात की और उनसे अपनी समस्या को लेकर चर्चा कर झुग्गीयों को हटाने को लेकर ज्ञापन दिया.**

तिवारी ने बताया ग्रीन बेल्ट पेड़ों के बीच हाई टेंशन लाइन के नीचे दीपक नगर से बाग मुगालिया शमशान घाट के सामने आई 30 झुग्गियों के अलावा अन्य 50 अनाधिकृत झुग्गियों की बसाहट हो रही है. जिससे हरियाली नष्ट होने के साथ ऊपर जा रही हाईटेंशन लाइन से लोगों की जान को भी खतरा है. बारिश के दौरान लहारपुर डैम का पानी भी वहां भर जाता है. यह स्थान शमशान घाट आने वालों के लिए था.



### डिवाइडर पर चल रहा रंग रोगन का कार्य

**भोपाल.** शहर को साफ सुथरा बनाने के प्रयासों के तहत स्थानीय प्रशासन सड़क डिवाइडर की भी रंगाई पुतायी करा रहा है .

# गेहूं खरीदी में किसानों को कोई दिक्कत न हो

- मिलावटी खाद्य पदार्थ, सीएम हेल्पलाइन को लेकर सख्त
- साफ सफाई और नाले नालियां की हो निगरानी

नवभारत संवाददाता

**भोपाल, 22 मई. संभागीय कार्यालय में शुक्रवार को समय सीमा कार्यो को लेकर बैठक आयोजित की गई.**

बैठक मे संभागायुक्त संजीव सिंह ने कहा कि भोपाल सहित आसपास के जिलों में हो रही समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी में किसानों को कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए. अब 23 मई से



बढ़कर गेहूं खरीदी की तारीख 28 मई हो गई है. ऐसे में खाद्य प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी जिनकी उपार्जन केंद्रों पर ड्यूटी लगी है, वे अपने काम में लापरवाही न करें. जितने किसानों के स्लॉट बुक हो चुके हैं, उनके गेहूं की खरीदी कराएं. संभाग आयुक्त ने कहा कि संभाग के लोगों को शासकीय योजनाओं का लाभ मिलना ही चाहिए. जिन्हें जिम्ममेदारी दी गई है, वो अधिकारी अपनी जिम्मेदारी निभाएं. इसके अलावा सीएम हेल्पलाइन पर 100 दिनों से लंबित शिकायतों का तत्काल निराकरण कराएं. संभागायुक्त सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि समग्र रैंकिंग में सुधार लाने के निर्देश दिए. जन-स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए संभागायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वालों पर अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई करें. फल सहित अन्य खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वालों नरमी बरतने की बिल्कुल जरूरत नहीं हैं.

### जलभराव रोकने, नाले-नालियों की सफाई

बैठक में संभागायुक्त ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 के प्रावधानों के अनुसार समिति का गठन कर नियमानुसार कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया . इस अवसर पर उपायुक्त किरण गुप्ता को निर्देशित किया कि वे मानसून-पूर्व तैयारियों के संबंध में सभी संबंधित विभागों की एक संयुक्त बैठक करें . उन्होंने स्पष्ट किया कि इस बैठक में जलभराव रोकने, नाले-नालियों की सफाई और आपदा प्रबंधन से जुड़ी तैयारियों की समीक्षा कर समय रहते आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जाएं .

**साक्षात्कार** | विद्यार्थियों की प्राथमिकताओं पर दिया जाएगा विशेष ध्यान

# महीने भर में ट्रैक पर आएंगी आरजीपीवी की व्यवस्थाएं





साक्षी केसरवानी

**भोपाल, 22 मई. राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के लिए नए दौर की शुरुआत हो चुकी है. विश्वविद्यालय को लंबे समय से शैक्षणिक अराजकता, परीक्षा परिणामों में देरी और प्रशासनिक ढुलमुल रवैये जैसी गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था.**

जिसका सीधा असर हजारों छात्रों के भविष्य पर पड़ रहा था.अब नए कुलगुरु आलोक शर्मा ने पदभार संभालते ही इन चुनौतियों को प्राथमिकता पर लिया है. नवभारत रिपोर्टर से विशेष बातचीत में उन्होंने न केवल पुरानी व्यवस्था की खामियों को स्वीकार किया, बल्कि उन्हें जड़ से खत्म करने के लिए खाका तैयार कर उस पर कार्य करना भी शुरू कर दिया है.

### हर गतिविधियों में होगा सुधार

विश्वविद्यालय में आने के बाद ही मैंने यहां हर स्तर पर जानकारी इकट्ठी करनी शुरू कर दी है .फिर चाहे वो डिपार्टमेंटल हो या विद्यार्थियों के लिए परिसर में पानी और बिजली की उपलब्धता हो . इसके साथ ही दायर सभी आरटीआई और वित्तीय जानकारी भी ली जा रही है .जिससे हर स्तर पर जो भी खामियां है, उन्हें एक खाका तैयार कर समय से दुरुस्त किया जा सके .इसमें जिस स्तर पर व्यवस्थाओं में अधिक कमियां है, पहले हम उन्हें प्राथमिकता के साथ व्यवस्थित करने पर जोर देंगें .



कुलगुरु आलोक शर्मा ने बताया कि इस संबंध में डिपार्टमेंट को 15 दिन का समय दिया गया है, कि वो अपने स्तर पर व्यवस्थाओं को सुनिश्चित कर जानकारी दें .वहीं कोशिश रहेगी कि अगले 1 महीने में इन समस्याओं का निराकरण कर समयबद्ध ट्रैक पर लाएं . पिछले समय विवादों में घिरे विश्वविद्यालय में कई कमियां रही हैं, जिसको मैंने यहां आने से पहले थोड़ा स्टडी किया है . ये काफी चैलेंजिंग है कि एक ही बार में सब ठीक कर दिया जाए .लेकिन हमारी कोशिश ये रहेगी कि हम पुरानी चीजों को छोड़कर नया और बेहतर करें .अब हम पीछे नहीं आगे की तरफ देखेंगे, विश्वविद्यालय नई गति पकड़ेगा .

# फेथ क्रिकेट अकादमी का संचालक राघवेन्द्र गिरफ्तार

- पूर्व डीजीपी एचएम जोशी के साथ की धोखाधड़ी

नवभारत संवाददाता

**भोपाल, 22 मई. राजधानी की हबीबगंज पुलिस ने फेथ बिल्डर राघवेंद्र सिंह तोमर को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया. यह गिरफ्तारी पूर्व डीजीपी के साथ जमीन में धोखाधड़ी के आरोप में की गई है.**

उसी जमीन पर कब्जाकर फेथ क्रिकेट अकादमी के नाम से दो क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण किया गया. जिसके शुभारंभ में देश के प्रसिद्ध क्रिकेट खिलाड़ी भी आए थे. थाना प्रभारी संजीव चौकसे ने बताया कि रिटायर्ड डीजीपी एचएम जोशी ई-5 अरेरा कॉलोनी में रहते थे. रातीबड़ थाना क्षेत्र के ग्राम सेमरी में उनकी जमीन थी. यहां क्रिकेट अकादमी बनाने के लिए फेथ ग्रुप के मालिक राघवेंद्र सिंह तोमर ने जोशी के साथ पार्टनरशिप की थी. इस पार्टनरशिप फर्म का नाम मैसर्स फेथ क्रिकेट क्लब रखा गया था. पूरी डील वर्ष 2017 में हुई थी.

करीब दो साल बाद आरोपी राघवेंद्र ने जोशी को डीड से बाहर करने के लिए फर्जी एग्रीमेंट तैयार किया. इस पर जोशी के फर्जी हस्ताक्षर किए गए. शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने जांच की और राघवेंद्र के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी.